तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.0° | 35.0° |
| इंदौर | 27.0° | 36.0° |
| जबलपुर | 27.0° | 39.0° |
| ग्वालियर | 27.0° | 38.0° |
| सागर | 25.0° | 38.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 199, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ, शुक्ल चतुर्थी संवत् 2083
गुरुवार, 18 जून 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में शामिल होंगे ...


**खेल...** श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित ...


**व्यापार...** खाड़ी में तनाव कम हुआ, आपकी जेब को मिलेगी...


**देश-विदेश...** नई वैश्विक जंग का बड़ा कारण बन सकता है ...







## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से पांच दिवसीय मप्र दौरे पर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 18 जून से 22 जून तक पांच दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे इंदौर, बैतूल, ओंकारेश्वर, जबलपुर, ग्वालियर और श्योपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी। इसके बाद वे बैतूल में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित 'एम्पावरमेंट ऑफ ट्रायबल सोसायटी बाय स्पिरिचुअल अवेकनिंग' कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसी दिन वे खंडवा जिले के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन करेंगी और आरती में सहभागिता करेंगी।

19 जून को अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर ओंकारेश्वर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके बाद 20 जून को उनका जबलपुर दौरा निर्धारित है।

21 जून को राष्ट्रपति अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगी। साथ ही वे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

दौरे के अंतिम दिन 22 जून को राष्ट्रपति कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगी। इसके बाद वे ग्वालियर पहुंचेंगी और वहां से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राज्य सरकार ने विभिन्न स्थानों पर उनकी अगवानी और विदाई के लिए मंत्रियों को 'मिनिस्टर-इन-वेटिंग' नियुक्त किया है। इंदौर में तुलसीराम सिलावट और कैलाश विजयवर्गीय, बैतूल में नरेंद्र शिवाजी पटेल, ओंकारेश्वर में धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी, जबलपुर में जगदीश देवड़ा, श्योपुर में राकेश शुक्ला तथा ग्वालियर में तुलसीराम सिलावट यह जिम्मेदारी निभाएंगे।

### महिदपुर को मिला सामाकोटा बैराज और 13 उप स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन

## मुख्यमंत्री बोले - डोंगला फोरलेन महिदपुर की नई तकदीर लिखेगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डोंगला से गुजरने वाला नया फोरलेन महिदपुर की नई तकदीर लिखेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन और आसपास का क्षेत्र मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा के आशीर्वाद से समृद्ध है तथा महिदपुर को जल संसाधनों और ऐतिहासिक विरासत का विशेष लाभ प्राप्त है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन जिले की महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से 207 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से निर्मित 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें लगभग 188 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बने सामाकोटा बैराज, 13 उप स्वास्थ्य केंद्रों के नवीन भवन, महाविद्यालय एवं विद्यालय भवनों तथा एक नए विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाकोटा बैराज जल संरक्षण और भू-जल स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना आगामी सिंहस्थ 2028 और उज्जैन क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।

डॉ. यादव ने महिदपुर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का उल्लेख करते हुए कहा कि डोंगला का समय गणना में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि यहां स्थापित आधुनिक ऑब्जर्वेटरी भारत की वैज्ञानिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक दिनेश जैन (बोस) सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रंप से बोले मोदी- भारतीय नाविकों की सुरक्षा जरूरी




**एवियन (फ्रांस), एजेंसी :** जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाते हुए उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। मोदी ने कहा कि वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला रहना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ होने वाले किसी भी शांति समझौते में भारतीय सहित सभी नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। ट्रंप ने भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि यह कठिन पेशा है और इस विषय पर दोनों देश मिलकर काम करेंगे। उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि जब तक वह राष्ट्रपति हैं, भारत का व्हाइट हाउस में एक अच्छा मित्र रहेगा। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध, रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। ट्रंप ने भारत की वैश्विक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने मोदी को एक मजबूत और कुशल वार्ताकार भी बताया।

## खास-खबरें

### संजय राउत के बयान से ठाकरे गुट में बढ़ी बेचैनी

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) में संभावित टूट की अटकलों के बीच राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पार्टी के कई सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में जाने की चर्चाओं ने उद्धव ठाकरे खेमे की चिंता बढ़ा दी है। इसी बीच राज्यसभा सांसद संजय राउत के बयानों ने सियासी माहौल को और गर्म कर दिया है। बताया जा रहा है कि शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसद अलग गुट बनाने की तैयारी में हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर किसी भी बागी गुट को मान्यता नहीं देने की मांग की है। साथ ही संसदीय दल की बैठक बुलाकर सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी किया गया है।

## रांची में आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमला, एक बम फटा; जांच में जुटी पुलिस

**नईदुनिया ब्यूरो, रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। देर रात हुई इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हमले की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है और पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने आरएसएस कार्यालय पर दो पेट्रोल बम फेंके, जिनमें से एक फट गया जबकि दूसरा नहीं फटा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से कांच की दो बोतलों के टुकड़े बरामद किए गए हैं, जिनकी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।



### टीएमसी का पूर्व मंत्री गुहा गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में बुधवार को उस समय हलचल बढ़ गई जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व मंत्री उदयन गुहा को कूचबिहार जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी के कारणों का खुलासा नहीं किया है।

## बदायूं हादसे पर पीएम मोदी ने जताया शोक



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली/बदायूं:** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली और ई-रिक्शा की भीषण टक्कर में छह महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा उझानी क्षेत्र के बरेली-मथुरा हाईवे पर हुआ, जहां भात मांगने जा रहे परिवार का ई-रिक्शा ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। घटना में प्रेमा, गंगाश्री, राजकुमारी, रेवती, नारायणी और आरती की मौत हो गई। घायलों का उपचार जारी है। प्रशासन ने मामले की जांच के लिए समिति गठित की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं योगी आदित्यनाथ ने भी शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### मध्यप्रदेश में 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## कर्मवीर शर्मा बने भोपाल संभागायुक्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्य प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले करते हुए 29 अधिकारियों की नई पदस्थापनाएं की हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में प्रमुख सचिव, सचिव, आयुक्त, प्रबंध संचालक, अपर सचिव और उप सचिव स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है, जिससे प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। मुकेश चंद्र गुप्ता - प्रमुख सचिव, जेल विभाग तथा सदस्य, राजस्व मंडल ग्वालियर (अतिरिक्त प्रभार)। डॉ. ई. रमेश कुमार - प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, राहत आयुक्त एवं पुनर्वास आयुक्त। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त घुमंतु एवं अर्धघुमंतु जनजाति विभाग का अतिरिक्त प्रभार।




(शेष पेज 12 पर)

**संबोधन** | अमेरिकी उपभोक्ता संस्कृति पर भागवत का प्रहार, बोले-

## भारत ने वही जीवनशैली अपनाई तो छह पृथ्वी भी कम पड़ेंगी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने अमेरिकी उपभोक्तावादी जीवनशैली की आलोचना करते हुए कहा कि यदि भारत समेत पूरी दुनिया उसी मॉडल का अनुसरण करने लगे तो पृथ्वी के संसाधन पर्याप्त नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि भारत को आर्थिक विकास के साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समान महत्व देना चाहिए।



दिल्ली में आयोजित 18वें बीएमएल मुंजाल अवार्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि आर्थिक समृद्धि का उद्देश्य केवल भौतिक सुविधाओं का विस्तार नहीं होना चाहिए। इसके साथ संयम, नैतिक मूल्यों और समाज के व्यापक कल्याण की भावना भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका का जीवन स्तर अक्सर आदर्श माना जाता है, लेकिन उसके पीछे संसाधनों की अत्यधिक खपत भी है। भागवत ने कहा कि यदि भारत की 142 करोड़ आबादी अमेरिकी जीवनशैली अपनाने लगे तो एक पृथ्वी पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि छह पृथ्वी की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्राकृतिक संसाधनों पर केवल किसी एक देश या समाज का अधिकार नहीं है और इनके उपयोग में संतुलन तथा जिम्मेदारी का भाव होना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख ने वैश्विक राजनीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिकांश देशों के संबंध रणनीतिक और आर्थिक हितों पर आधारित होते हैं। इसके विपरीत भारत की परंपरा पड़ोसी देशों और मानवता के प्रति सहयोग की रही है। उन्होंने मालदीव को पेयजल सहायता और आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका को दी गई मदद का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा संकट के समय अपने पड़ोसियों के साथ खड़ा रहा है।

भागवत ने भारत को आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूत बनने की आवश्यकता बताई, लेकिन साथ ही कहा कि शक्ति के साथ चरित्र और नैतिकता का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि चरित्रहीन शक्ति अंततः विनाश का कारण बनती है।